आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 25.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- एन डी ए के उम्मीदवार भाजपा के सांसद ओम बिरला और विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के सांसद के० सुरेश ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा।

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं में सहयोग का अनुरोध किया।

- विज्ञान के प्रति छात्रों में रुचि बढाने के लिए चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून और पौड़ी जिले में ''लैब्स ऑन व्हील्स'' मोबाइल सांइस लैब संचालित की जाएगी।

- मुख्य सचिव ने कहा– पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनो के लिए उत्तराखंड में तैयारी पूरी।

## लोकसभा अध्यक्ष पद चुनाव

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार होंगे, जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के सांसद के0 सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए आज अपना नामांकन भरा। अध्यक्ष का चुनाव कल होगा।
इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में असफल रहे है। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस के नेता के0 सी0 वेणुगोपाल और डीएमके नेता टी0 आर0 बालू के साथ बैठक की। विपक्ष के नेता श्री बिरला की उम्मीदवारी पर समर्थन देने से पहले उपाध्यक्ष के नाम की घोषणा करने पर जोर दे रहे थे। श्री गोयल ने कहा कि उन्हें सूचित कर दिया गया है कि उपाध्यक्ष का मुद्दा इसके चुनाव के समय निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष शर्ते रख रहा है जिसे सरकार खारिज कर चुकी है।
इससे पहले, कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष, अध्यक्ष उम्मीदवार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार है, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए विपक्षी पार्टी का उम्मीदवार होना चाहिए।

## भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर उन्हे राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखण्ड को विद्युत ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर साल लगभग एक हजार करोड़ रुपए की ऊर्जा खरीदनी पड़ती है, जिससे राज्य के वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। श्री धामी ने अलकनंदा, भगीरथी तथा सहायक नदियों में प्रस्तावित 24 जल विद्युत परियोजनाओं के बारे में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित विशेषज्ञ समिति–2 की अन्तिम रिपोर्ट पर जल शक्ति मंत्रालय और विद्युत मंत्रालय के साथ पुर्नसमीक्षा करने का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया। श्री धामी ने प्रधानमंत्री से राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिए मल्टी मॉडल लॉजिस्टीक पॉर्क और औद्योगिक विकास के लिए बी.एच.ई.एल हरिद्वार से राज्य को भूमि हस्तांतरित करने

का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने श्री मोदी को बताया कि मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के तहत चिन्हित 48 पौराणिक मन्दिरों में से 16 मन्दिरों में अवस्थापना विकास के काम शुरू हो चुके हैं। उन्होंने इन मंदिर मार्गों को दो लेन करने और आपसी कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री से एक हजार करोड़ रूपये की सहायता का आग्रह भी किया।

गिरफ्तारी

सतर्कता विभाग ने राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त शशिकांत दूबे को 75 हजार की रिश्वत लेते गिरफ़्तार किया है। कार्यालय निदेशालय सतर्कता अधिष्ठान ने बताया कि शिकायतकर्ता ने रेस्टोरेन्ट के बिलों में जीएसटी के नियमों के क्रम में कमियां बताकर भारी जुर्माने का दबाव बनाकर रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। शशिकांत दुबे की गिरफ्तारी के बाद सतर्कता अधिष्ठान टीम ने उनके आवास की तलाशी लेने के साथ ही उनकी चल–अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में पूछताछ की है। सतर्कता अधिष्ठान, मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिक अधीक्षक धीरेंद्र सिंह गुंज्याल ने बताया कि यदि कोई राज्य के सरकारी विभागों में रिश्वत की मांग करता है तो सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर–1064 और व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9 4 5 6 5 9 2 3 0 0 पर सम्पर्क कर सूचना दी जा सकती है।

जिला योजना बैठक

चम्पावत जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्य ने इस वित्तीय वर्ष के लिए जिला योजना की 58 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि की विभिन्न योजनाओं का अनुमोदन किया। योजनाओं में पूंजीगत निर्माण को अधिक महत्व दिया गया है। इसके तहत पुराने कार्यों को पूरा करने, स्वरोजगार को बढ़ाए जाने के अतिरिक्त ऐसे नए कार्य लिए गए हैं जो 2 वर्ष में पूरे हो जांए। जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष की जिला योजना में आठ प्रतिशत धनराशि बढी है।

लैब ऑन व्हील्स

प्रदेश के विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं की मजबूती के लिए चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून और पौड़ी जिले में ''लैब्स ऑन व्हील्स'' मोबाइल सांइस लैब संचालित की जाएगी। छः महीने तक कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद सभी जिलों में इस योजना को संचालित किया जाएगा। शासन द्वारा ''लैब्स ऑन व्हील्स'' मोबाइल सांइस लैब के लिए 5 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। राज्य के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों में क्रियात्मक ज्ञान की वृद्धि के लिए 13 जिलों में लैब्स ऑन व्हील्स योजना के तहत मोबाइन साइंस लैब संचालित की जाएगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस योजना के तहत विज्ञान शिक्षा के लिए बालिकाओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस योजना के माध्यम से राज्य के ग्रामीण और सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं को मजबूत बनाने के साथ विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने को भी कहा है।

नए अपराधिक कानून

देशभर में पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनो के लिए उत्तराखंड में तैयारी पूरी हो चुकी है। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में सभी राज्यों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह बात कही। श्रीमती रतूड़ी ने बताया कि नये आपराधिक कानूनों के पारित होने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा केंद्रीय जासूसी प्रशिक्षण संस्थान और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो से समन्वय स्थापित विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों से 50 अधिकारियों को ग़ाज़ियाबाद और जयपुर से मास्टर ट्रेनर का कोर्स कराया गया है। साथ ही उत्तराखंड पुलिस हस्तपुस्तिका तैयार की गई है, जिसके आधार पर सारे

कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसमें कानूनों को सरल तरीके से पढ़ने की विधि तैयार की गई है, जिसकी एक–एक प्रति सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को वितरित की जा रही है। श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि रिजर्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में संचालित नागरिक पुलिस के लगभग एक हजार रिक्रूट आरक्षियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त लगभग 500 मुख्य आरक्षियों को पदोन्नति के लिए भी नये आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी आईपीएस अधिकारियों और जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है।

<u>राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी</u>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च–स्तरीय समिति की कल पहली बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में कहा कि समिति की प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना है और इसके लिए उनसे बातचीत की जाएगी। सरकार ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की सात सदस्यीय समिति का गठन किया है।

केन्द्रीय जांच ब्यूरो–सी बी आई ने बिहार, गुजरात और राजस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. में कथित अनियमितताओं के पांच मामलों की जांच शुरू कर दी है। सी बी आई ने गुजरात और बिहार में नए सिरे से एक–एक मामला दर्ज किया है। वहीं राजस्थान में भी तीन मामले दर्ज किए गए हैं। सी.बी.आई. महाराष्ट्र के लातूर का एक अन्य मामला भी अपने हाथों में ले सकती है।

<u>इग्नू स्टडी</u>

रूद्रप्रयाग जिले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बालिकाओं को इग्नू स्टडी सेंटर अगस्त्यमुनि के माध्यम से स्नातक और डिप्लोमा कोर्स करवाया जाएगा। इससे, निर्धन परिवार की बेटियों को नंदा गौरा योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा के बाद उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने पर 51 हजार रुपये की धनराशि का लाभ भी मिलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बालिकाओं को इग्नू स्टडी सेंटर अगस्त्यमुनि के माध्यम से स्नातक एवं डिप्लोमा कोर्स करवाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को इच्छुक बालिकाओं से समन्वय स्थापित कर सभी औपचारिकताएं 10 जुलाई तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना और स्पांसरशिप योजना से आच्छादित बालिकाओं को भी इसके तहत शामिल किया जाएगा।

<u>क्रिकेट</u>

आईसीसी टी–20 विश्व कप क्रिकेट के सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गये हैं। पहले सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला बृहस्पतिवार को ग्याना में पिछली बार के चौम्पियन इंग्लैंड से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान आमने–सामने होंगे। अफगानिस्तान पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचा है। आज सुबह किंग्सटन में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 8 रन से हरा दिया। अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर पहले ही टी–20 विश्व कप से बाहर कर दिया है।